# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

**Phone No. 07706-241445 E-Mail ID- Cmogariaband@yahoo.in, nrhmgariyaband@yahoo.in**

क्रमांक / एन.एच.एम. / संविदा भर्ती / 2025 / 16097 गरियाबंद, दिनांक 08/07/2025

## / / भर्ती संबंधी सूचना / /

जिला–गरियाबंद (छ.ग.) अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एनयूएचएम, आईसीटीसी के विभिन्न रिक्त संविदा पदों (कुल 113 पद) की भर्ती हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में दिनांक 28/07/2025 को सायं 05.30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–गरियाबंद (छ.ग.) में केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित समय पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

भर्ती संबंधी विज्ञापन, दिशा–निर्देश संबंधी विस्तृत विवरण का अवलोकन जिले की वेबसाईट www.gariaband.gov.in एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Phone No. 07706-241445 Email :- nrhmgariyaband@yahoo.in, Cmogariaband@yahoo.in

क्रमांक / एन.एच.एम. / संविदा भर्ती / 2025 / 16098 गरियाबंद, दिनांक 08/07/2025

## //विज्ञापन//

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर (छ.ग.) का पत्र कमांक / एनएचएम / एचआर / 2024 / 1065 / 2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 04.11.2024, Letter No./NHM/PROJ-4107/6/2025-Section (NHM)/201 Date 17.04.2025, पत्र कमांक / NUHM / 2023 / 1787 / 5584 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 29.3.2023, संचालक, स्वास्थ्य सेवायें सह परियोजना संचालक, छ.ग. राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर का पत्र कमांक / एड्स / आई.सी.टी.सी. / 2020–21 / 1011 रायपुर, दिनांक 02.02.2021 के परिपालन में जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 की आर.ओ.पी. तथा एनयूएचएम, आईसीटीसी में स्वीकृत एवं रिक्त पदों की **संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में** दिनांक 08/07/2025 से 28/07/2025 को **सायं 05.30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–गरियाबंद (छ.ग.) में केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् तथा साधारण डाक, कोरियर, सीधे अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

जिले में विभिन्न स्वीकृत संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हताकारी योग्यता एवं रिक्त पद का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :–

### भाग–अ

| पद क | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद UR Open | UR Female | ST Open | ST Female | SC Open | SC Female | OBC Open | OBC Female | Educational Qualification / Essential Qualification | Desireable Qualification/ Experience | एकमुश्त वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Nursing Officer (NHM) | 13 | 4 (2 Ph) | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 2 | 1 | BSC.Nursing OR GNM Course Passed & live Registration in chhattisgarh Nursing Registration Council. | - | 16,500 /- Per Month |
| 2 | Staff Nurse (ICCU) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | BSC.Nursing OR GNM Course Passed & live Registration in chhattisgarh Nursing Registration Council. | - | 16,500 /- Per Month |
| 3 | Community Nurse (NMHP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड एवं मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल मे 02 वर्ष का अनुभव। | - | 16,500 /- Per Month |
| 4 | Laboratory Technicians - DPHL | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1. Higher Secondary (10+2) in Biology with BMLT<br>2. (A) Higher Secondary (10+2) in Biology with DMLT<br>(B) Higher Secondary (10+2) in Biology with Paramedical Technician One year certificate Course (CMLT)<br>[ Registration in Paramedical Council of India or Chhattisgarh Paramedical Council)<br>(First Preference will be given to BMLT) | - | 14,000 /- Per Month |

| पद क्र | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | एकमुश्त वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | | ST | | SC | | OBC | | Essential Qualification | | |
| | | | Open | Female | Open | Female | Open | Female | Open | Female | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 5 | Laboratory Technicians - BPHU | 12 | 4 | 1 | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | D.M.L.T/B.M.L.T/Pathology in Paramedical Course and Registration In CG Paramedical Council | - | 14,000 /- Per Month |
| 6 | Radiografer/X-Ray Technician | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1. 10+2 पद्धति में विज्ञान विषय के साथ 12 वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. क्ष-किरण तकनीशियन/रेडियोग्राफर का छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए और<br>3. छ.ग. पैरामेडिकल काउन्सिल से रेडियोग्राफर/क्ष-किरण तकनीशियनका जीवित पंजीयन होना चाहिए। | - | 15,000 /- Per Month |
| 7 | Physiotharapist | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | Bachelor's Degree in Physiotherapy (B.P.T.) | - | 18,000 /- Per Month |
| 8 | Dental Surgeon (NHM) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | MDS With Registration in Chhatisgarh Medical Council is compulsary<br>OR<br>BDS With Registration in Chhatisgarh Medical Council is compulsary . | - | 27,500 /- Per Month |
| 9 | Dental Assistant | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Matriculation (12 th Pass) From Recognised Board. | Two years expirience in a government denal collage/clininc. | 12,000 /- Per Month |
| 10 | MO-Ayush (NHM) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From Any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo,Unani Registration Board. | | 25,000 /- Per Month |
| 11 | MO-Ayush (Male) (RBSK) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From Any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo,Unani Registration Board. | - | 25,000 / Per Month |
| 12 | ANM (RBSK) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Registration in CG Nurses Registraion Council. | - | 12,000 /- Per Month |
| 13 | Pharmacits (RBSK) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Degree or Diploma In Pharmacy (50%) & Registration in Pharmacy Registration Council | - | 16,500 /- Per Month |
| 14 | Laboratory Technicians - RBSK | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | D.M.L.T/B.M.L.T/Pathology in Paramedical Course and Registration In CG Paramedical Council | - | 14,000 /- Per Month |

| पद क्र | पद का नाम | रिक्त पदो की सख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | एकमुश्त वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | | ST | | SC | | OBC | | | | |
| | | | Open | Female | Open | Female | Open | Female | Open | Female | Essential Qualification | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | Staff Nurse - NRC | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | BSC.Nursing OR GNM Course Passed & live Registration in chhattisgarh Nursing Registration Council | - | 16,000 /- Per Month |
| 16 | Cook cum care Taker-NRC | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 th Passed | - | 8,800 /- Per Month |
| 17 | Feeding Demonstrator | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BSC Home Science | - | 12,000 /- Per Month |
| 18 | Attaendant-NRC | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 th Passed | - | 8,800 /- Per Month |
| 19 | Staff Nurse-SNCU | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | BSC.Nursing OR GNM Course Passed & live Registration in chhattisgarh Nursing Registration Council. | - | 16,000 /- Per Month |
| 20 | Staff Nurse-NBSU | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | BSC.Nursing OR GNM Course Passed & live Registration in chhattisgarh Nursing Registration Council. | - | 16,000 /- Per Month |
| 21 | Lab Assistant | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | $12^{th}$ Pass With Biology with 01 Year Experience in laboratory | - | 12,000 /- Per Month |
| 22 | Tech Assistant-Hearing Impaired Children | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Training young deaf and hearing handicapped (DTYDHH) from RCI recognized institute. | - | 15,000 /- Per Month |

| पद क | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद UR | | ST | | SC | | OBC | | Educational Qualification / Essential Qualification | Desireable Qualification/ Experience | एकमुश्त वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Open | Female | Open | Female | Open | Female | Open | Female | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 23 | Laboratory Technician (Blood Bank) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Essential Qualification:<br>• Degree in Medical Laboratory Technology (M.L.T.) or<br>• Diploma in Medical Laboratory Technology (M.L.T.)<br>• Should have completed 10+2 before obtaning diploma or degree.<br>• The degree or diploma should be from a University/Instituion recogmized by the Central Government or State Government.<br>• The Candidte should be registered with the concerned Para-Medical Council if applicable.<br>• Knowledge of computers.<br>Desireable Qualification:<br>• Post Graduate degree.<br>• Proficiency in MS Office.<br>Experience:<br>• Minimum two years after degreee and three years after diploma.<br>• Degree holders must have minimum six month experience in blood banking.<br>• Diploma Holder must have minimum one year's experience in blood banking. | - | 14,000 /- Per Month |
| 24 | Blood Bank Counsellor | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Essential Qualification:<br>• Post-Graduate in Social Work/Sociology/ Psychology/Anthropology/ Human Development.<br>Desireable Qualification:<br>• Knowledge of computers.<br>• Proficiency in MS Office.<br>Experience:<br>Minimum two years after Essential Qualification | - | 12,000 /- Per Month |
| 25 | Attendent-NPHCE (HA) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 th Passed. | - | 8,800 /- Per Month |
| 26 | Attendent-NPHCE (SA) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 th Passed. | - | 8,800 /- Per Month |

| पद क | पद का नाम | रिक्त पदो की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | एकमुश्त वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | | ST | | SC | | OBC | | Essential Qualification | | |
| | | | Open | Female | Open | Female | Open | Female | Open | Female | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 27 | Community Health Officer | 37 | 10 (04 Ph) | 5 | 9 | 6 | 3 | 0 | 2 | 2 | 2.1 – मान्यता पाप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यकम (B.Sc. Nursing Certificate in Community Helath Integreted Course) उत्तीर्ण।<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Pst Basic B.Sc. Nursing Cetificate in Community Helath Integrated Course)<br>2.2 – अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन नहीं होने की स्थिति में चयन के पश्चात् 45 दिवस का समय प्रदान किया जावेगा। | - | 16,500 /- Per Month |
| 28 | Accountant-NHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. Bcom (minimum 55%) + 1 Year Computer Diploms (PGDCA)<br>2. Knowledge of Tally is Compulsory. | - | 18,000 /- Per Month |
| 29 | Block Manager-Account | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. B.Com (Minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma (PGDCA)<br>2. Knowlegded of Tally is compulsary. | - | 21,000 /- Per Month |
| 30 | Secretarial Assistant - NHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12th Passed with at least 1 Year Diploma in Computer Application. | - | 13,650 /- Per Month |
| 31 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 12th Passed with at least 1 Year Diploma in Computer Application. | - | 12,000 /- Per Month |
| 32 | MPW (Male) (UHWC) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Must hage passed Higher Secondary Examinaiton (10+02) examination with Biology subject. One year Diploma in Multipurpose worker training of equivalent training form training center recognized by the State Government with registered in Chhattisgarh Paramedical Concil. | - | 14,000 /- Per Month |

| पद क | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | एकमुश्त वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | | ST | | SC | | OBC | | Essential Qualification | | |
| | | | Open | Female | Open | Female | Open | Female | Open | Female | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 33 | Staff Nurse (UHWC) | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 01- B.Sc. Nursing/Post Basic Nursing<br>02- Genral Nursing and Midwifery (GNM) with CG Nursing Council registration<br>(Final Merit List Prepated of the basis of order of priority. Like 1&2) | - | 16,500 /- Per Month |
| 34 | STI-ICTC | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Essential Qualification & Experience :<br>Post Graduate Degree/Diploma in psychology/sociology/Anthopology/Human Development/Nursing ; With Minimum 1 year experience after PG Degree/Diploma, of working in field of counseling in health sector, Preferably in STI/RTI and HIV.<br>Or<br>Graduate in psychology/Social Work/Sociology/Nursing ; with Minimun 3 Year's experience<br>after gradiatopm, of working in field of counseling in health sector ; prefably in STI/RTI and HIV<br>in the case of those recruited from the community of people infected with of affected by HIV/AIDS, the experience will ve relaxed to a minimun of one year of experience in the field of HIV/AIDS<br>Other Experience Require :<br>a. Working Knowledge of Computers. | | 21,000 /- Per Month |
| 35 | LT-ICTC | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | Essential Qualification & Experience:<br>Graduate in Medical Laboratory Technology (B.SC); with Minimum 1 year experience after graduation.<br>Or<br>Diploma in Medical Laboratory Technology (DMLT); with Minimum 2 year experience after diploma.<br>The Services of existing LTs who do not hold a DMLT may be continued if they have done a certificate course in medical Laboratory Technology and have more than 5 years of experience of working in the ICTC/PPCT/ART centre"s Under the National AIDS Control Programme.<br>Other Expertise Required :<br>Working Knowledge of computers. | | 21,000 /- Per Month |
| Total | | 113 | 40 | 7 | 30 | 9 | 7 | 0 | 17 | 3 | | | |

**नोट :–**

1. आरक्षण जिले में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा। सामान्य प्रशासन विभाग कमांक सी /3-5-99/3/एक, दिनांक 24 फरवरी 2000 के अनुसार राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति के एकांकी पदों पर आरक्षण एवं आरक्षण रोस्टर लागू नही होगा। एकांकी पद वह होगा जो किसी संवर्ग विशेष में केवल एक ही पद स्वीकृत है। इस हेतु जिले के एकांकी पद पर आरक्षण रोस्टर लागू ना करते हुए अनारक्षित पद पर भर्ती किया जावेगा।

2. नियमानुसार विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के सदस्यों को अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु आरक्षित पदों में नियमानुसार 20 प्रतिशत तक विशेष सुविधा प्रदाय की जावेगी।
3. **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है,** अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत हो जावेगा। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा। किसी भी परिस्थिति में बाद की तिथि का प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतः अर्हता सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रकिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।
5. पदों की संख्या में परिवर्तन संभावित है अथवा पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
6. **विज्ञापित पदों में बैंकलॉग पद शामिल हैं।**
7. संलग्न सर्व प्रमाण पत्र एवं फोटो स्व प्रमाणित/स्व हस्ताक्षरित/Self Attested करना अनिवार्य है।
8. आवेदन पत्र में निर्धारित दोनों स्थानों पर आवेदक का हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
9. ऐसे अभ्यर्थी जिनका अंकसूची ग्रेडिंग पद्धति का है, को ग्रेडिंग गणना पद्धति द्वारा प्रतिशत का उल्लेख करना अनिवार्य है तथा इस संबंध में संबंधित शैक्षणिक संस्था/स्कूल से संस्था प्रमुख द्वारा जारी गणना पत्रक/चार्ट की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**उपरोक्त कण्डिका कमांक 3, 7, एवं 8 का पालन न होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर** दिया जावेगा।

## भाग–ब

**आवेदन के संबंध दिशा–निर्देश :–**

1. भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 तथा राज्य कार्यालय द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जावेगा।
2. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
3. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य किया जावेगा।
4. प्रत्येक आवेदक को चाहिए कि विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी सावधानीपूर्वक पढ़कर पूर्णरूपेण भरा जावे। आवेदन पत्र में कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण होने एवं वांछित दस्तावेज के अभाव में आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
5. **आवदेक आवेदन करते समय लिफाफे पर आवेदित पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है तथा जाति संवर्ग का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। जिन आवेदन पत्रों में बंद लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं संवर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./अनारक्षित श्रेणी) का उल्लेख नहीं होगा, उन्हें अमान्य किया जावेगा।**

6. **आवेदन शुल्क** – भर्ती हेतु प्राप्त होने वाले आवेदन हेतु नीचे दर्शाये अनुसार आवेदन शुल्क देय होगा, बिना आवेदन शुल्क के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक से डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से **निम्नानुसार *जिला स्वास्थ्य समिति, जिला–गरियाबंद (छ.ग.)* के नाम से देय होगा।**

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह <= 25000 | मानदेय प्रतिमाह > 25000 |
|---|---|---|
| दिव्यांग / अ.जा. / अ.ज.जा. / महिला | 100 | 200 |
| अ.पि.व. / सामान्य अभ्यर्थी हेतु | 200 | 300 |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 | 400 |

**रिमार्क :– डी.डी. की मूल प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। एक से अधिक विज्ञापित पदों में आवेदन करने की स्थिति में पृथक–पृथक आवेदन के साथ पृथक–पृथक आवेदन शुल्क देय होगा।**

7. **आयु सीमा** – संविदा भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु गणना हेतु आधार वर्ष 01.01.2025 होगा। आयु सीमा में छ.ग. शासन द्वारा दिए जाने वाले सभी छूट सम्मिलित है।

8. उपरोक्त पदों पर आवेदन के साथ कमवार प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा तथा दस्तावेज सत्यापन / साक्षात्कार के समय अभिलेखों की मूल प्रति के साथ अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

8.1 10वीं की अंकसूची / 08वीं की अंकसूची / जन्मप्रमाण पत्र। (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)।
8.2 छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से 01 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा। (संबंधित है तो)
8.3 स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षों की अंकसूची।
8.4 संबंधित डिप्लोमा / डिग्री।
8.5 संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र। (संबंधित है तो)
8.6 सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र। (संबंधित है तो)
8.7 यदि दिव्यांग है तो (दिव्यांगता प्रमाण पत्र)
8.8 छ.ग. राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र।
8.9 अनुभव / अनापत्ति प्रमाण पत्र (पद से संबंधित हो) विभाग प्रमुख / नियोक्ता द्वारा जारी केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे।)
**पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को अनुभव के अंक प्रदान किये जायेंगे।**

**8.10. अनुभव प्रमाण पत्र** – विज्ञापित पदों के चयन में केन्द्र व राज्य सरकार के उपक्रम / शासकीय / अर्द्धशासकीय / पदों पर पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष 2 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत् अधिकारी तथा कर्मचारियों को पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 3 अंक अधिकतम 15 अंक प्रदान किया जावेगा तथा ए.एन.एम. / जी.एन.एम. / नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को 04 अंक प्रतिवर्ष अधिकतम 20 अंक प्रदाय किया जावेगा।

**8.11 अनुभव प्रमाण पत्र की वैधता संबंधी स्पष्टता :–**

यदि कोई अभ्यर्थी पूर्व में किसी शासकीय / अर्धशासकीय / शासकीय वित्त पोषित संस्था में कार्यरत रह चुका है और उस संस्था को त्याग चुका है, तो ऐसे प्रकरण में अनुभव प्रमाण पत्र उसी सेवा अवधि के दौरान या सेवा समाप्ति की तिथि के निकट जारी होना अनिवार्य होगा। यदि सेवा समाप्त होने के लंबे समय पश्चात् (वर्तमान तिथि को) अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, तो वह संदिग्ध माने जाने की संभावना रहेगी।

8.12 कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश पृ.क. एफ 1/67/2021/सत्रह/एक दिनांक 07.12.2021 में दिये गये आदेशानुसार 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा। इस संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी 06 माह की निरंतर सेवा प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

8.13 अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी। **अनुभव में अंकों की गणना 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष किया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी। प्रशिक्षण एवं स्वेच्छा से कार्य का अनुभव मान्य नहीं किया जावेगा।**

8.14 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

8.15 अभ्यर्थी द्वारा यदि बिन्दु कमांक 8.10 व 8.12 के आधार पर दो अथवा अधिक अनुभव प्रस्तुत किया जाता है तो उसे दोनों अथवा तीनों में से जिसका अंक अधिक हो, केवल एक का ही लाभ दिया जावेगा।

**9. चयन प्रक्रिया :–**

9.1 उक्त पदों पर भर्ती लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के माध्यम से की जावेगी।

**(अ) लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु स्क्रीनिंग का आधार निम्न होगा :–**

शैक्षणिक योग्यता 65 प्रतिशत अंक + अनुभव के अंक/बोनस अंक 10/15/20

(पद कमांक 23, 24, 34 एवं 35 को छोड़कर)

**(ब) अंतिम चयन सूची निम्नानुसार तैयार की जावेगी :–**

शैक्षणिक योग्यता + अनुभव के अंक/बोनस अंक + लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा के अंक।

**9.2 अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगी :–**

**<u>पद कमांक 1, 2, 3, 12, 15, 19, 20, 27 एवं 33 के लिए :–</u>**

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का – 65 प्रतिशत् अंक।
2. कौशल परीक्षा –20 अंक (पद के अनुरूप लिखित/स्किल टेस्ट/साक्षात्कार आदि के स्वरूप में कौशल परीक्षा ली जावेगी)
3. अनुभव – अनुभव अंक/बोनस अंक– 10/15 (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जावेंगे।)
   - केन्द्र व राज्य सरकार के उपकम/शासकीय/अर्द्धशासकीय/पदों पर कार्यरत् अभ्यर्थियों को प्रतिवर्ष 2 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक।
   - एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक।
   - ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिये 04 अंक प्रतिवर्ष अधिकतम 20 अंक।

**पद कमांक 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 21, 22, 25, 26 28, 29, 30, 31, एवं 32 के लिए :–**

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का – 65 प्रतिशत् अंक।
2. कौशल परीक्षा–20 अंक (पद के अनुरूप लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड/स्किल टेस्ट/साक्षात्कार आदि के स्वरूप में कौशल परीक्षा ली जावेगी)
3. अनुभव – अनुभव अंक/बोनस अंक – 10/15 (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जावेंगे।)
   - एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक
   - अन्य अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक) अधिकतम 10 अंक

**पद कमांक 23, 24, 34 एवं 35 के लिए चयन का आधार :–**

1. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का – 80 प्रतिशत् अंक।
2. राज्य शासन अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में समान कार्य अनुभव को 03 अंक प्रतिवर्ष के हिसाब से अधिकतम 15 अंक दिया जावेगा।
3. राज्य शासन के अन्य विभाग में समान कार्य के अनुभव को 02 अंक प्रतिवर्ष के हिसाब से अधिकतम 10 अंक/10 बोनस अंक दिया जावेगा।
4. किसी मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में डिग्री या डिप्लोमा – 05 अंक (5% Weightage)

**9.3** उक्त पदों हेतु निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले आवेदकों की वर्गवार सूची न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का निर्धारित प्रतिशत अंक + अनुभव अंक/बोनस अंक के योग के गुणानुक्रम में तैयार की जायेगी तथा तालिकानुसार आवेदकों को वर्गवार प्रवीणता (मेरिट) के आधार पर कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुणा आवेदकों को लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।

## भाग–स

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश :–**

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी, इसमें सहीं पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिए गए समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिए। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जांच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है तो उन्हें आगामी अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। चयन के पूर्व/पश्चात जानकारी त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर उनका चयन निरस्त किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता का होगा।

3. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होंगे) उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
4. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय आवेदन के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. अंतिम चयन सूची व प्रतीक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से आगामी न्यूनतम एक वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी।
6. **संविदा मानदेय :–** संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
7. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2026 तक (शासन द्वारा आगामी वर्ष 2025–26 की आर.ओ. पी. में पद स्वीकृति की प्रत्याशा में) के लिये होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है।
8. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् एक माह पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।
9. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक/विशेष पिछड़ी जनजाति/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
12. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
13. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेगें।
14. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकारी प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
15. चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जायेगा।
16. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

17. **ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा सेवा समाप्त की गयी है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जावेगा।**
18. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
19. दावा आपत्ति, चयन प्रकिया, प्रकिया का परिणाम संबंधी सभी सूचना कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–गरियाबंद (छ.ग.) के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट www.gariaband.gov.in में समय–समय पर प्रकाशित किया जावेगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
20. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रकियाएं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के **SPL** (C) No. 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होंगी।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

## "राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों की भर्ती"

(कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक ................., दिनांक ...........................)

### आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

| अभ्यर्थी स्व सत्यापित फोटो चस्पा करें। |
|---|

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :– ..........................................................................
2. आवेदक का नाम :– ..........................................................................
3. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................
4. माता का नाम :– ..........................................................................
5. (अ) जन्म तिथि :– ..........................................................................
6. (ब) 01.01.2025 को आयु :– वर्ष........................माह........................दिन..................
   (स) लिंग (महिला/पुरूष) :– ..........................................................................
7. जाति वर्ग अना/अ.ज.जा/अ.जा /अपिव :– ..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. छत्तीसगढ का स्थायी निवासी है हॉ/नही :– ..........................................................................
   निवासी जिला :– ..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के है (हां/नहीं) :– ..........................................................................
   प्रमाण पत्र संलग्न करें।
10. स्थायी निवास का पता :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   पिन कोड..............................मो0न0...........................
   ईमेल आई डी (वैकल्पिक) ..........................................
11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   पिन कोड..........................मो0न0.................................
   ईमेल आई डी (वैकल्पिक) ..........................................

12. (अ) शैक्षणिक योग्यता (स्व सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड /वि.वि का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |

(ब) तकनीकी योग्यता (स्व सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड /वि.वि का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |

14. कार्यानुभव (स्व सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

| क्र. | पद का नाम | संस्था का नाम | कार्य अवधि दिनांक (कब से कब तक) | कुल कार्य अवधि वर्ष/माह में | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

15. क्या आवेदक 10 बोनस अंक की पात्रता रखता है :– ..................................................
(यदि हां तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)

रें)

16. क्या आप शासकीय संस्था में कार्यरत् है (हां/नही)৪ :– ..................................................
(यदि हा तो नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

17. परीक्षा शुल्क का विवरण :–

| डी.डी. जारीकर्ता बैंक का नाम | आवेदन शुल्क राशि | डी.डी. कमांक | डी.डी. जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | | |

18. संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. .................................................. 2. ..................................................
3. .................................................. 4. ..................................................
5. .................................................. 6. ..................................................
7. .................................................. 8. ..................................................
9. .................................................. 10 ..................................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**घोषणा पत्र**

मैं घोषणा करता हूं/करती हूं कि उपरोक्त दर्शायी गयी जानकारी मेरे ज्ञान व अनुभव में पूर्णतः सत्य व पूर्ण है, उक्त जानकारी असत्य पायी जाती है या अपात्रता का पता चलने पर नियोक्ता को मेरी पात्रता/नियुक्ति निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

दिनांक :–

स्थान :–

नाम :–

पूर्ण पता :–

मोबाईल नं. :–